हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार
8 जून 2026, आश्विन कृष्ण पक्ष, षष्ठी, विक्रम सम्वत् 2083, बरेली

PAGE NO.- 02 : BOTTOM

# कैंसरयुक्त ट्यूमर का भी बिना कीमोथेरेपी से उपचार संभव




वर्कशॉप में विशेषज्ञ चिकित्सकों को सम्मानित करते एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति।

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में ब्रेन ट्यूमर का शीघ्र निदान और उपचार विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने किया। ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने मरीजों को सम्मानित किया।

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के न्यूरो सर्जरी विभाग की ओर से आयोजित वर्कशॉप में एसजीपीजीआई लखनऊ के न्यूरो सर्जन डॉ. अवधेश जायसवाल ने पिट्यूटरी ग्रंथि में हुए नान कैंसर ट्यूमर के दबाव को कम करने के लिए पिट्यूटरी एडेनोमा डीकंप्रेशन सर्जरी की और उसके बारे में जानकारी दी। न्यूरो सर्जन डॉ.अवधेश जायसवाल ने कहा कि एडवांस टेक्नोलॉजी से समय से इसका पता चलने पर कैंसरयुक्त ट्यूमर का भी बिना रेडिएशन और कीमोथेरेपी से ही पूरी तरह उपचार संभव है।सर्जन डॉ.शशांक शाह ने उद्घाटन समारोह में सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ब्रेन ट्यूमर के इलाज में न्यूरो सर्जन के साथ ही रेडियोलाजिस्ट, एनेस्थेसिएसिस्ट, ओंकोलाजिस्ट के साथ ही अन्य विभागों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वर्कशाप में एसजीपीजीआई लखनऊ के न्यूरो सर्जन डा.अवधेश जायसवाल ने डा.अभिषेक शुक्ला और डा.विकास विश्वकर्मा के साथ ऐसे ही पिट्यूटरी एडेनोमा डीकंप्रेशन सर्जरी की और इसका लाइव प्रसारण कर जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनु त्यागी ने किय।इस दौरान एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह, डॉ. शरत जौहरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।